डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

## साहित्य अकादेमी पुरस्कार प्रक्रिया में बदलाव

## साहित्य अकादेमी पुरस्कारों के लिए पहली बार पुस्तकें आमंत्रित

**नई दिल्ली, 30 जनवरी 2025;** साहित्य अकादेमी द्वारा मान्यता प्रदत्त 24 भारतीय भाषाओं में प्रतिवर्ष दिए जाने वाले देश के सबसे प्रतिष्ठित साहित्यिक पुरस्कारों के लिए चयन प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। साहित्य अकादेमी ने पहली बार इन भाषाओं में वर्ष 2025 के अपने मुख्य पुरस्कार के लिए पुस्तकों के चयन हेतु स्वयं लेखकों, प्रकाशकों एवं उनके शुभचिंतकों से पुस्तकें आमंत्रित की हैं।

यह जानकारी देते हुए साहित्य अकादेमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने बताया कि पुस्तकें जमा करने की अंतिम तिथि 28 फरवरी 2025 है। वर्ष 2025 के पुरस्कारों के लिए वर्ष 2019 से 2023 (1 जनवरी 2019 से 31 दिसंबर 2023) के बीच प्रकाशित पुस्तकों की एक प्रति आवेदन फॉर्म भरकर विचारार्थ भेजी जा सकती है। इस बारे में विस्तृत जानकारी अकादेमी की वेबसाइट www.sahitya-akademi.gov.in पर उपलब्ध है। आगे उन्होंने कहा कि यह जानकारी ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के लिए 24 भारतीय भाषाओं के मुख्य समाचार पत्रों में इस सूचना के विज्ञापन भी जारी किए गए हैं।

(के. श्रीनिवासराव)

रवींद्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone: +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax +91-11-2338 2428
E-mail: secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website: http//www.sahitya-akademi.gov.in